52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.3 °c | अधिकतम 29.4 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:37 सूर्यास्त : 5:27 | वर्ष : 52/ अंक : 309 | शुक्रवार, 08 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

अगर अच्छे वक्त की तलाश है तो पहले बुरे वक्त से लड़ना पड़ेगा।

कांग्रेस ने कभी विकास की चिन्ता नहीं की : शिवराज सिंह चौहान

इसीलिए ज्यादातर लोग कांग्रेस की चिन्ता कर ही नहीं रहे हैं.....

जयंत के लिए लगाया जोर, योगी के लिए रालोद लगा कमजोर

- कई अंदरूनी दांव-पेंच से जूझ रहे गठबन्धन में कितनी हवा भर पाएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ?
- जयंत की सभाओं से भाजपा नेताओं की दूरी के बाद अब योगी की सभा में पता चलेगी गठबंधन की तासीर

मुजफ्फरनगर, 7 नवंबर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की सभाओं से भाजपा नेताओं की दूरी के बाद अब लग रहा है कि कल होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा को रालोद समर्थक हल्के में ले रहे हैं। जयंत सिंह सभाओं से भाजपा नेताओं ने दूरी बनाए रखी थी। अब मुख्यमंत्री की सभा में रालोद नेताओं की मौजूदगी उनकी मजबूरी है,

क्योंकि प्रत्याशी रालोद का है, लेकिन अभी तक लग रहा है कि गठबंधन के दोनों दलों में समन्वय का अभाव है।

मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव में मुकाबले में सपा, बसपा और आसपा के तीन मुस्लिम उम्मीदवारों की मौजूदगी के बाद पिछड़े कार्ड पर चुनाव मैदान में उतरी गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल के चुनाव को लेकर गठबंधन के स्थानीय नेताओं में समन्वय की कमी आ रही है। हाल में रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की सभाओं में रालोद के नेताओं ने पूरा जोर लगाया। अभी एक बार और उन्हें क्षेत्र में लाने की तैयारी भी की जा रही है। इन सभाओं में भाजपा नेताओं की अनुपस्थिति सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि जयंत की सभाओं में भाजपा के नेताओं को बुलाया ही नहीं गया या फिर उन्होंने आना जरूरी नहीं समझा। रालोद नेता एक बड़बोले भाजपा के पूर्व विधायक के बयानों को चुनाव में नुकसानदायक मान रहे हैं। जयंत की सभाओं में भाजपा नेताओं के ना पहुंचने का कारण चाहे जो हो इससे स्थानीय स्तर पर दोनों दलों के नेताओं के बीच अंदरूनी टकराव की स्थिति में देखा जा रहा है। कई ऐसे नेता जो टिकट के दावेदार थे उनकी नाराजगी स्वाभाविक है। इसके बावजूद प्रत्याशी का मैनेजमेंट अभी ऐसे नेताओं को मनाने पर शायद ध्यान नहीं दे रहा है। इसे जीत की खुशबू का ओवर कॉन्फीडेंस माना जा रहा है। यह अलग बात है कि जातीय सम्मेलनों से भी रालोद-भाजपा प्रत्याशी को घेरने की कोशिश की जा रही है। हालांकि अभी तक यह जातिवादी फैक्टर चंद नेताओं के इर्दगिर्द सिमटा नजर आ रहा है। यह अलग बात है कि इन जातिवादी सम्मेलनों को हवा देने के लिए गठबंधन से जुड़े नेताओं को भी जिम्मेदार माना जा रहा है। अब सवाल यह है कि जयंत चौधरी के लिए गोड्डे ढा कर जुटने वाले रालोद समर्थक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा को इतने हल्के में क्यों ले रहे हैं। रालोद की ओर से इसे लेकर कोई बड़ी तैयारी नजर नहीं आई। इसका कारण यह भी बताया जा रहा है कि टिकट ना मिलने से खफा रालोद के कुछ नेता दिखावे के लिए तो घूम रहे हैं, लेकिन प्रत्याशी की जीत को लेकर उनकी रणनीति ढुलमुल है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा का दारोमदार भी प्रशासन और भाजपा पर छोड़ दिया गया लगता है। प्रत्याशी रालोद की हैं, ऐसे में रालोद नेता ऐसा तो नहीं कर सकते की भाजपा नेताओं की तरह इस सभा से दूर रहें, लेकिन मुख्यमंत्री की सभा में भाजपा और रालोद के स्थानीय नेताओं की स्थिति साफ होगी। देखना है कि मंच पर रालोद नेताओं की उपस्थिति क्या रहने वाली है।

परिवहन कार्यालयों में इन लोगों के लिए विशेष काउंटर बनाने के निर्देश

मुजफ्फरनगर, 7 नवंबर (बु.)। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने संभागीय उप संभागीय परिवहन कार्यालयों में वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों व भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं की सुविधा हेतु पृथक काउंटर की स्थापना कराये जाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त के पत्र में कहा गया है कि परिवहन कार्यालय प्रत्यक्ष रूप से आम जन-मानस से जुड़ा हुआ विभाग है, जिसमें ड्राइविंग लाईसेंस, फिटनेस, वाहन पंजीयन तथा वाहन सम्बन्धी अन्य कार्यों का निष्पादन किया जाता है। उपरोक्त कार्यों के निष्पादन हेतु कार्यालय में भिन्न-भिन्न कार्यों हेतु पृथक-पृथक काउण्टर बने हुए हैं, जिन पर आवेदक जाकर अपने कार्यों को पूर्ण कराते हैं, परन्तु आवेदकों की अत्यधिक संख्या होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं को अपने कार्य कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। निर्देशित किया गया है कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के समस्त संभागीय व उप संभागीय परिवहन कार्यालयों में पृथक काउण्टर स्थापित कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त स्थापित किये जाने वाले काउण्टर के सम्मुख ही उनके बैठने की उचित व्यवस्था भी करायें।

मौलवी पर महिला ने लगाया पानी में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म का आरोप

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। दिल्ली के लोनी क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सरवट पीर के मौलवी इरशाद पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। दिल्ली की रहने वाली महिला ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह लम्बे समय से बीमार चल रही थी और उसके ऊपर जिन्न का साया बताया गया था। महिला का आरोप है कि मौलवी इरशाद ने महिला को उक्त जिन्न का साया उतारने के लिए अकेले में बात करने के लिए कहा, मौलवी ने अलग से बात करने के लिए पीड़िता को अपना मोबाइल नम्बर दिया और कॉल करने के लिए कहा। फोन पर हुई बातचीत के बाद मौलाना ने उसे सहारनपुर बस स्टैण्ड पर मिलने के लिए कहा, दिल्ली से आई महिला मौलवी से सहारनपुर बस स्टैण्ड पर मिलने के लिए पहुंची तो वह उसे अपने घर ले गया। महिला का आरोप है कि मौलवी ने पानी में कुछ मिलाकर उसे पिलाया, जिससे वह नशे की हालत में आ गई। महिला का आरोप है कि उसके बाद मौलवी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और गंदे तरीके से इस तरह का व्यवहार उसके शरीर के साथ किया जोकि अप्राकृतिक है। उसके बाद आरोपी ने उसे जबरन घर भेजने का प्रयास किया। पीड़िता कुछ देर में होश में आई तो उसने 112 पर कॉल कर दी। शिकायत पर पुलिस पहुंची और सिविल लाइन पुलिस ने मौलाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का बताना है कि महिला की सारी बात सुन ली गई हैं और उसके बाद उक्त मौलाना पर जांच के बाद कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।



मौत का बहाना, टायर फटा और हो गयी वृद्ध की दर्दनाक मौत

मुजफ्फरनगर, 7 नवंबर (बु.)। कभी-कभी मौत बहाना बनकर आती है और बिना किसी कारण ही व्यक्ति काल का ग्रास बन जाता है। ऐसा ही एक हादसा खतौली में घटित हुआ, जब खतौली थाना क्षेत्र के गांव जसौला निवासी बृजपाल पुत्र ओमप्रकाश अपनी स्कूटी से जा रहे थे। तभी अचानक उनके बराबर में एक स्कूटी सवार गुजर रहा था, उक्त स्कूटी का टायर एकाएक चलते-चलते फट गया, जिससे वृद्ध बृजपाल की स्कूटी अनियंत्रित हो गयी और अनियंत्रित होते ही बृजपाल स्कूटी सहित सड़क पर जा गिरे। नीचे गिरते ही वृद्ध बृजपाल की मौत हो गयी। परिजनों को इसकी सूचना दी गयी तो परिजन मौके पर पहुंचे और बिना किसी कार्यवाही के ही शव को ले गए। उक्त घटना को देखकर सभी के मुंह से एक ही बात निकली कि ईश्वर की रचनाएं भी बड़ी अजीब हैं। बिना किसी कारण के वृद्ध बृजपाल आज काल का ग्रास बन गया। जबकि न उनकी किसी से कोई टक्कर लगी और न ही कोई अन्य हादसा, बस टायर फटा और काल ने उन्हें अपना शिकार बना लिया।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 को लेकर हंगामा, जमकर चले लात-घूंसे

श्रीनगर, 7 नवंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 वापसी के प्रस्ताव पर हंगामा जारी है। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। कुछ सदन के सदस्यों के बीच हाथापाई तक हुई। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में इंजीनियर रशीद के भाई और विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 पर बैनर दिखाए। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई। जिसके बाद हंगामा शुरू हुआ। इस दौरान बीजेपी के कुछ विधायकों को धक्के देकर बाहर भी निकाला गया। विशेष दर्जे संबंधी प्रस्ताव को लेकर हंगामे के बाद जम्मू कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की गई। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक दिन पहले भी हंगामा हुआ था। तमाम विवाद के बाद सदन स्थगित कर दिया गया था। गुरुवार सुबह सेशन फिर शुरू हुआ। इंजीनियर राशिद के भाई, विधायक खुर्शीद अहमद शेख अनुच्छेद 370 पर एक बैनर दिखाए। इस दौरान विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति जताई। सुनील शर्मा के आपत्ति जताने के बाद विवाद शुरू हुआ। नौबत हाथापाई तक आ गई। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया। बुधवार को भी उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी द्वारा अनुच्छेद 370 को बहाल करने का प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद यह हंगामा हुआ। प्रस्ताव का सुनील शर्मा ने कड़ा विरोध किया और विधानसभा में तीखी बहस हुई। अनुच्छेद 370 पर प्रस्ताव ने तीखी बहस की शुरूआत सोमवार को विधानसभा के उद्घाटन सत्र से ही हो गई थी।

व्यापारी से 3 लाख 39 हजार की ठगी

खतौली, 07 नवम्बर (बु.)। मोटी कमाई के लालच में फंसकर एक व्यापारी से तीन लाख 39 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के सैनी नगर श्यामपुर कॉलोनी निवासी अभिषेक ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया है कि गत 24 अगस्त को किसी अज्ञात ठग ने टेलीग्राम से सम्पर्क कर क्रिप्टो कम्पनी में निवेश कर मोटी कमाई करने की बात करते हुए उससे सम्पर्क किया, जिसके झांसे में आकर अभिषेक ने निवेश कर कुछ मुनाफा कमाया। पीड़ित के अनुसार उसके बाद तथाकथित ठग द्वारा बड़ी रकम का लेन-देन करने को कहा। अभिषेक द्वारा निवेश करने पर इंकार करने पर ठग द्वारा दबाव बनाते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया कि यदि लेनदेन नहीं करोगे तो पिछली रकम का मुनाफा भी नहीं मिलेगा। अपने मुनाफे की फंसी रकम का निकालने के लालच में व्यापारी द्वारा अपने यूनियन बैंक खाते से कई बार में तीन लाख 39 हजार रुपये का भुगतान किया गया। परन्तु मोटी रकम देने के पश्चात कम्पनी द्वारा कोई भुगतान नहीं दिया गया। पीड़ित व्यापारी द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर अपनी रकम वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई गयी है। कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि शासन व प्रशासन स्तर पर लगातार सचेत किये जाने के पश्चात भी लालच के वशीभूत मोटा मुनाफा कमाने की आस में ठगों द्वारा लुटाई की वारदातों में निरन्तर इजाफा हो रहा है।

रास्ते से जा रही दादी-पौत्री को बुलेट सवार ने मारी टक्कर, बच्ची की मौत

ककरौली, 07 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा सादात निवासी वरीशा अपनी 6 वर्षीया पोती इनायत के साथ रास्ते से जा रही थी कि लापरवाही से बुलेट मोटरसाइकिल चला रहे एक युवक ने उन्हें जोर की टक्कर मार दी, जिसमें दादी व पौत्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को पुलिस की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया तथा बच्ची की दादी 60 वर्षीया वरीशा की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, वहीं बच्ची की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा बच्ची के शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बच्ची की मौत पर पिता रहीस, मां सलमा व चार वर्षीय भाई सूफियान का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बुलेट को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

रामपुर तिराहा कांड में हड़ताल के चलते सुनवाई टली

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। गुरूवार को रामपुर तिराहा कांड से जुड़े सरकार बनाम ब्रज किशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में सुनवाई टल गई। पिछले तीन दिनों से अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई है। इसकी अगली तिथि अब 13 नवम्बर नियत की गई है। आपको बता दें कि रामपुर तिराहा कांड में आंदोलनकारियों से फर्जी हथियार बरामद मामले में सरकार बनाम ब्रजकिशोर व आंदोलनकारी का शव गंगनहर में बहाये जाने के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी मामले में सीबीआई के लोक अभियोजक दारा सिंह मीना ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि हड़ताल के कारण सुनवाई टल गई तथा सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में शुक्रवार को विधिवत कोर्ट में सुनवाई होगी।

एक माह से गुम डॉ. अतुल को सीएमओ की अंतिम चेतावनी

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जताई नाराजगी, अनदेखी पर नहीं मिलेगा वेतन

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद से हटाए डॉ. अतुल कुमार अपने मूल विभाग से बीते करीब एक माह से गायब चल रहे हैं। सीएमओ द्वारा तबादला आदेश का पालन नहीं करने और अपनी मूल तैनाती पर योगदान आख्या न देने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए डॉ. अतुल को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए तत्काल पीएचसी पीनना का चार्ज लेने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर उन्हें विभाग से वेतन जारी न करने के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवमानना करने में कर्मचारी सेवा नियमावली के तहत कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है। डॉ. अतुल कुमार पालिका में बतौर नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर अतिरिक्त दायित्व का निर्वहन कर रहे थे, जबकि मूल तैनाती सीएमओ अधीन स्वास्थ्य केन्द्र पीनना पर थी। 26 सितम्बर की रात्रि में उनकी पत्नी ने डीएम को फोन कर शिकायत की थी कि उनके बेटे की तबियत खराब है और ऐसे में भी उनके पति को पालिका से अवकाश नहीं दिया जा रहा है। डीएम के आदेश के बाद पालिका चेयरपर्सन ने 27 सितम्बर से डॉ. अतुल कुमार को अवकाश स्वीकृत कर भेज दिया था। वहीं सीएमओ ने डॉ. अतुल का तबादला पालिका से निरस्त करते हुए उन्हें अपनी मूल तैनाती पीएचसी पीनना का चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिये थे। उनके स्थान पर एसीएमओ डा. अशोक कुमार द्वारा अचानक ही स्वास्थ्य को कारण बताते हुए सीएमओ को पत्र लिखते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी पद पर कार्य करने से इंकार कर दिए जाने पर संभावना बनने लगी कि पालिका में डॉ. अतुल की वापसी हो रही है। इसी बीच सीएमओ ने तबादला आदेश के एक माह बाद पीएचसी पीनना पर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत नहीं करने और विभाग से गायब रहने पर डॉ. अतुल कुमार के आचरण को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए आदेशों का पालन न करने पर शासन को रिपोर्ट भेजने की चेतावनी दी है।

भीलवाड़ा में धीरेंद्र शास्त्री की कथा के दौरान भगदड़ में 7 लोग घायल

भीलवाड़ा, 7 नवंबर (एजेंसी)। राजस्थान के भीलवाड़ा में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए उमड़ी भीड़ में उस समय भगदड़ मच गई जब वीआईपी गेट पर लोगों को अंदर नहीं जाने दिया गया। इस घटना में सात लोग घायल हो गए, जिनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। लोगों का आरोप है कि आयोजकों ने वीआईपी पास जारी तो किए, लेकिन व्यवस्था ठीक से नहीं की। धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए लोग उत्सुक थे और बड़ी संख्या में वीआईपी पास के साथ वीआईपी गेट पर पहुंचे। लेकिन जब एंट्री देने की बारी आई तो आयोजकों ने कई लोगों को रोक दिया। इससे वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच कहासुनी और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। देखते ही देखते भगदड़ मच गई और कई लोग गिर गए। घायल हुई चंद्रकला सोमानी ने बताया, 'हमारे पास वीआईपी पास है मगर जब हम अंदर जाने लगे तो हमें वापस बाहर निकाल दिया। जिसके कारण वहां कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई।' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'यदी वीआईपी में बैठने की जगह नहीं थी तो पास इतने जारी क्यों किए गए। अभी हमारी जान चली जाती तो इनका क्या जाता। पुलिस वाले भी हमसे बदतमिजी कर रहे है।' इस घटना पर नाराजगी जताते हुए काठिया वाले

बाबा महंत बनवारीशरण ने कहा, 'पुलिस और प्रशासन सुरक्षा कर रहे हैं, यह अच्छी बात है मगर जो यह मनमानी की जा रही है वह गलत बात है। हमसे वीआईपी पास को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की गई थी।' वहीं, कथा समिति के संयोजक आशीष का कहना है कि कुछ लोगों ने फर्जी पास बनवा लिए थे, जिसके चलते यह दिक्कत हुई। इस घटना ने आयोजकों की लापरवाही की पोल खोल दी है। लोगों का गुस्सा वाजिब है क्योंकि वीआईपी पास होने के बावजूद उन्हें अपमानित होना पड़ा और

दिल्ली में फिर निर्भया काण्ड: 'एक ऑटो में तीन लोगों ने किया दुष्कर्म

नई दिल्ली, 7 नवंबर (एजेंसी)। दिल्ली में एक और निर्भया कांड सामने है, जिससे राजधानी एक बार फिर शर्मसार हुई है। जांच में सामने आया है कि पीड़िता इतनी सहमी हुई थी कि वह कुछ नहीं बता पा रही थी। महिला सिपाही संगीता को सोशल वर्कर बनाकर उसकी देखभाल के लिए रखा गया। साथ ही एक ओडिया मूल की महिला को नर्स के रूप में रखा। जब महिला सिपाही संगीता ने उसका विश्वास जीत लिया तो पीड़िता ने सिर्फ ये बताया कि एक अज्ञात ऑटो रिक्शा, तीन व्यक्ति और उनमें से एक शारीरिक रूप से विकलांग था। पीड़िता अपनी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों और घटना के आघात के कारण घटना के समय और स्थान के बारे में अन्य महत्वपूर्ण विवरण बताने में असमर्थ थी। ओडिशा की युवती के साथ दरिंदगी करने वाले ऑटो चालक प्रभु महतो का ऑटो राजघाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया था। ऑटो के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस प्रभु महतो तक पहुंच गई। इसके बाद दो अन्य आरोपियों प्रमोद उर्फ बाबू व मोहम्मद शमसुल को पकड़ लिया।

महिलाओं के कपड़ों का नाप नहीं लेगा कोई पुरुष, कोचिंग सेंटर में वॉशरूम और जिम में महिला ट्रेनर जरूरी

शामली, 07 नवम्बर (बु.)। जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि 28 अक्तूबर को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की बैठक हुई। अध्यक्ष राज्य महिला आयोग लखनऊ ने महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए कुछ निर्णय लिए, जिनका क्रियान्वयन किया जाना है। उनके आदेशों के अनुसार, जनपद के महिला जिम, योगा सेंटर में महिला ट्रेनर होना चाहिए। ट्रेनर एवं जिम का सत्यापन अवश्य करा लिया जाए। सेंटर में प्रवेश के समय अभ्यर्थी के आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र से सत्यापन कर उसकी छायाप्रति सुरक्षित रखी जाए। सेंटर में डीवीआर सहित सीसीटीवी अनिवार्य रहे। वहीं स्कूल की बस में महिला सुरक्षाकर्मी अथवा महिला टीचर का होना अनिवार्य है। नाट्य कला केंद्रों में महिला डांस टीचर एवं डीवीआर सहित सक्रिय दशा में सीसीटीवी का होना अनिवार्य है। बुटीक सेंटरों पर कपड़ों की नाप लेने के लिए महिला टेलर एवं सक्रिय सीसीटीवी का होना अनिवार्य है। जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं का सत्यापन होना चाहिए। कोचिंग सेंटरों पर सक्रिय सीसीटीवी एवं वाशरूम आदि की व्यवस्था अनिवार्य है। महिलाओं से संबंधित वस्त्र आदि की बिक्री की दुकानों पर महिला कर्मचारी का होना अनिवार्य है।



किश्तवाड़ में गांव रक्षा समिति के 2 सदस्य आतंकी हमले में शहीद

जम्मू, 7 नवंबर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों ने गांव रक्षा समिति के दो सदस्यों पर हमला करके उनकी हत्या कर दी। हत्या करने से पहले आतंकवादियों ने दोनों को यातनाएं भी दी हैं। इसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। पुलिस और सेना की टीमों की तरफ से इलाके में सर्च आपरेशन शुरू कर दिया गया है। ताकि हमला करने वाले आतंकियों को तलाश किया जा सके। पुलिस के सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंच गए हैं।

ओम शान्ति ओम | सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश अपयश विधि हाथ। | ओम शान्ति ओम

रस्म पगड़ी एवं शोक सभा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परमपूज्य पिताजी

श्री लाला रामसेवक सिंघल जी (पुत्र स्व. लाला रतन लाल सिंघल)

का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को हो गया है। वह अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गये है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु

रस्म पगड़ी /शोक सभा आज शुक्रवार, दिनांक 8 नवम्बर 2024 को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज .....12:30 बजे दोपहर

रस्म पगड़ी एवं शोक सभा..... 2:30 बजे दोपहर

स्थानः- ब्रजमूर्ति पैलेस, स्टेट बैंक के सामने मेंन रोड, शाहपुर, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार

मिथलेश कुमारी (धर्मपत्नी)
शिवम सिंघल (पुत्र) युवा भाजपा नेता
गुनमाला सिंघल- स्व. अम्बेकवर सिंघल (भाभी-भाई)
नेमचन्द बंसल- स्व. मधुर बसंल (बहन-बहनोई)
बबीता सिंघल- स्व. प्रदीप सिंघल (पुत्री-दामाद)
मंजूषा मित्तल- हरीश मित्तल (पुत्री-दामाद)
सोनू अग्रवाल (पुत्री)
नीरू गर्ग- मनोज गर्ग (पुत्री-दामाद)
पारूल-गोयल-प्रशान्त गोयल (पुत्री-दामाद)
विनी गर्ग- निशांक गर्ग (पुत्री-दामाद)

विशु बंसल-नितिन बसंल(धेवती-धेवती दामाद)
हर्ष सिंघल- चांदनी सिंघल (धेवता-धेवती बहू)
उमंग सिंघल- स्वाति सिंघल (भतीजा-भतीज बहू)
डा० तरंग सिंघल- डा० एकता सिंघल (भतीजा-भतीज बहू)
अवि, भव्य, अक्स, भाविक (धेवते)
प्रत्यश्रा, आयूषी (धेवती)
नक्श, रूद्रांश (पड़धेवते)
नायरा, वमिका (पड़धेवती)
विहान (पौत्र), आरोही, मिशिका (पौत्री)
एवं समस्त सिंघल परिवार, शाहपुर (मुजफ्फरनगर)

प्रतिष्ठान

मै0 रतनलाल रामसेवक, मेंन बाजार शाहपुर, मु०नगर
मै0 बेअंत लाल एण्ड कम्पनी, 225 बी, नवीन मंडी स्थल, मु०नगर
मै0 तरूण मैडिकल एजेन्सीज, जिला परिषद मार्किट, मु०नगर

निवास स्थानः- मौहल्ला सानियान, शाहपुर (मुजफ्फरनगर)

M. 9997139441, 8439501404

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 07 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1945-हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई। 1956-संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की। 1957-ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया। 1967-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1988-चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई। 1992-जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया। 1998-बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेखमुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड। 1999-राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। 2000-बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने न्यूयार्क सीट पर जीत दर्ज कर इतिहास रचा। 2001-अफगानिस्तान पर पुन: जबर्दस्त बमबारी। 2002-अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक मनीला में प्रारम्भ। 2004-हेग में सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भारत व यूरोपीय संघ सहमत। 2005-भारत ने फि लिस्तीनि संगठनों की आतंकवादी कार्रवाई और इस्रायल की दमन की आलोचना की। 2008-भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चन्द्रयान-1 चन्द्रमा की कक्षा में पहुँचा। 2013-फिलीपींस के हेनान प्रांत में विनाशकारी चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत। 2016- भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रुपये के नोटों का अवैध घोषित किया। सोमालिया के मोगादिशू में कार बम धमाके में 11 लोगों की मौत।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1550, रसकट ढैया 1050-1070, चाकू 1250-1485, लड्डू 1350-1480, खुरपापाड़ 1250-1290, शक्कर मसाला 1350-1380। आमद- 5000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	79100	चांदी-	92600
सिक्का-	10380	गिन्नी-	59160

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 07 नवम्बर, 2024

मेष- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, परिश्रम के अनुरूप सफलता, कठिनाइयों में कमी का एहसास, दूसरों के आश्वासनों से राहत, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, यात्रा।

वृषभ- कार्यों में सफलता, आरोग्य सुख, आपसी सौहार्द, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में मांगलिक आयोजन, धर्म-कर्म में रुचि।

मिथुन- दिनचर्या अव्यवस्थित, बौद्धिक क्षमता का ह्रास, आय में न्यूनता, सदस्यों से गलतफहमी के शिकार, सुख में दिक्कतें, शत्रु सक्रिय, व्यर्थ का भाग दौड़।

कर्क- आरोग्य सुख में वृद्धि, महत्वपूर्ण योजनाएँ फलीभूत, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, राजकीय पक्ष से सहयोग, भोग-विलास में रुझान, नवस्थलों की यात्रा।

सिंह- निराशा का समापन, शुभ कार्यों में व्यय, मन प्रसन्न, व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक प्रतिष्ठा, अभिलाषा की पूर्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुझान, हर्ष भी।

कन्या- कार्यों में सफलता, अधीनस्थ सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, नवप्रयास सार्थक, धन संचय में प्रवृत्ति, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसमाचार प्राप्ति।

तुला- नवयोजना अधूरी, व्यापारिक हानि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, आपसी मतभेद उजागर, गलतफहमी के शिकार, पठन-पाठन में अरुचि, मानसिक तनाव।

वृश्चिक- दिनमान अनुकूल, जटिल समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु व्यय, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, आर्थिक उन्नति का सुयोग, कार्यसिद्धि।

धनु- परिस्थितियाँ सुधार पर, मित्रों से विचार-विनियम, समस्या का समापन, लाभ का सुअवसर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, शुभकृत्य सम्पादित, धर्म आस्था।

मकर- आरोग्य सुख, सदविचारों का उदय, पारिवारिक सुख शांति, मनोरंजन में रुझान, व्यापार में धन निवेश, धार्मिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, मान-सम्मान में वृद्धि।

कुम्भ- कार्यों में अड़चनें, आर्थिक प्रगति में व्यवधान, आत्मविश्वास में कमी, व्यक्ति विशेष से विश्वासघात की आशंका, इच्छा की पूर्ति में बाधा, आकस्मिक व्यय।

मीन- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, नवीनयोजना में रुचि जागृत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, शिक्षा में सफलता, धर्म में रुचि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में लगी राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी

89 माध्यमिक विद्यालयों के 256 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया, दिखाई अपनी प्रतिभा

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। 52वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का जिला स्तरीय आयोजन एसडी कन्या इंटर कॉलेज गांधी कॉलोनी में किया गया, जिले के 89 माध्यमिक विद्यालयों के 256 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य सोहन पाल, सुनील शर्मा, डॉ. विकास कुमार व मोनिका द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विकास कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी था, बाल वैज्ञानिकों ने भोजन, स्वास्थ्य व स्वच्छता, यातयात एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग, कंप्यूटेशनल सोच, कचरा व संसाधन प्रबंधन आदि विषयों पर अपने क्रियाशील व स्थिर मॉडल का प्रदर्शन किया। इस बीच सतत स्वास्थ्य एवं भविष्य के लिए श्री अन्न विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता में जाह्नवी, मौहम्मद जैद, खुशी शर्मा व रिंकल ने अपने-अपने वर्गो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में शिवम, नंदनी अग्रवाल, शारिक, हार्दिक, आयुषी, नव्या, कृतिका, अफ्फान, सोफिया, खुशी शर्मा, आरव सैनी, आरोही शर्मा ने अपने अपने उप विषयों में प्रथम व वंशिका, उर्मी, जैनब, इमामा फातिमा, सिमरन, कीर्ति, अंतरा, सुमित, आदित्य, आरती, स्वाति

व इमानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में आर्यन कश्यप, फिजा, मंतशा, अर्चना शर्मा, सुहाना, पूर्वा पंवार, जाह्नवी ने अपने अपने उप विषयों में प्रथम एवं साहिल, शगुन गोयल, शिफा, आदित्य कुमार, विदिती पंवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर चयनित बाल वैज्ञानिक 11 नवम्बर को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सहारनपुर में प्रतिभाग करेंगे।

विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में नही किया जा सकता बदलाव: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 07 नवंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरूवार को कहा कि किसी पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया को बीच में नहीं बदला जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने 'तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय' मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को आश्चर्य चकित करने के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के शुरू में अधिसूचित चयन सूची में रखे जाने के लिए पात्रता मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता, जब तक कि मौजूदा नियम या विज्ञापन (जो मौजूदा नियमों के विपरीत न हो) इसकी अनुमति न दे। न्यायमूर्ति मिश्रा ने पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए यह भी कहा कि चयन सूची में रखे जाने के बाद उक्त पद के उम्मीदवार को नियुक्ति का अविभाज्य अधिकार प्राप्त नहीं होता, लेकिन सरकार या उसके तंत्र वास्तविक कारणों से रिक्तियों को नही भरने का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि, यदि रिक्तियां मौजूद हैं, तो सरकार या उसके तंत्र चयन सूची में विचाराधीन क्षेत्र के किसी व्यक्ति को नियुक्ति देने से मनमाने ढंग से इनकार नहीं कर सकते। इस मामले को 'तेज प्रकाश पाठक और अन्य बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय और अन्य' (2013) के मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसने कि 'मंजूश्री बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य (2008)' के मामले में पिछले फैसले पर संदेह जताया था। इस मामले कहा गया था कि चयन मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता है। संविधान पीठ ने जुलाई में सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

फतेहपुर में दो ट्रकों की भिड़ंत में चालक परिचालक जिंदा जले

फतेहपुर, 7 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हुसैनगंज क्षेत्र में गुरुवार को दो ट्रेलर ट्रकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक वाहन के चालक- परिचालक की जिदा जल कर मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने यहां बताया की हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असली पुल के पास एक ट्रेलर ट्रक रायबरेली से फतेहपुर की ओर आ रहा था और दूसरा ट्रक ट्रेलर फतेहपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था कि भोर में आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों ट्रेलर जहां जलकर खाक हो गए वहीं एक ट्रेलर का चालक विनय शुक्ला निवासी बाराबंकी और परिचालक राजाराम यादव निवासी बाराबंकी के ट्रेलर के अंदर जिदा जलकर मृत्यु हो गई। दूसरे ट्रेलर के चालक और परिचालक ने किसी तरह से कूद कर अपनी जान बचाई काफी देर बाद दमकल के आने के बाद आज पर काबू पाया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारण फतेहपुर लखनऊ मार्ग में घंटो जाम लगा रहा।

बुढ़ाना के नए एक्सईएन विद्युत बने अजीत सिंह, कार्यालय पहुंचकर संभाला पदभार

बकाया राजस्व में पिछड़ने पर एक्सईएन को किया गया था निलंबित

प्रतापगढ़ से आए अजीत सिंह बोले- राजस्व वसूली पर रहेगा खास ध्यान

बुढ़ाना, 07 नवम्बर (बु.)। विद्युत विभाग के बुढ़ाना सर्किल के नये एक्सईएन अब अजीत सिंह यादव होंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार के दिन बाकायदा बुढ़ाना पहुंचकर अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। वे इससे पूर्व जनपद प्रतापगढ़ में तैनात थे। मूल रुप से प्रयागराज के रहने वाले एक्सईएन अजीत सिंह से बातचीत हुई तो उन्होंने बताया कि आज कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपने मातहतों का परिचय प्राप्त किया और सभी को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गये हैं। शासन के मंशा के अनुरुप विभागीय योजनाओं और कार्यक्रम का क्रियान्वयन कराना उनकी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके अलावा राजस्व वसूली में पिछड़े बुढ़ाना क्षेत्र में सुधार किया जाएगा। उनका मकसद राजस्व वसूली बुढ़ाना है। बिजली सप्लाई में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इसका भी विशेष ख्याल रखा जाएगा। बिलों में भी शिकायतें मिलती रहती हैं, उनको भी दुरुस्त कराने का काम किया जाएगा। इससे पहले वे प्रतापगढ़ तैनात थे। यहां बुढ़ाना टाऊन के जेई मनोज कुमार ने अपनी और से नये विद्युत एक्सईएन अजीत सिंह यादव का बुकें भेंट कर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व जो एक्सईएन यहां थे, उन्हें राजस्व वसूली में ढिलाई बरतने पर निलम्बित कर दिया गया था।

अवैध पार्किंग की वजह से जाम से जूझ रही बुढ़ाना की जनता, स्थाई बस स्टैण्ड की जरूरत

बुढ़ाना, 07 नवम्बर (बु.)। कस्बा इस मामले में किसी अजूबे से भी कम नहीं है कि यहां पर एक भी स्थाई बस स्टैंड नही है। रोडवेज बसें और प्राइवेट बसों के अलावा अन्य वाहनों को सड़क के किनारे ही खड़ा किया जाता है। इन वाहनों में चाहे फिर सवारी भरी जाए या फिर कुछ वस्तु, लेकिन इस वजह से फिर जाम लगता है।

बृहस्पतिवार के दिन का ही मामला ले लें जहां पारसी बस स्टैंड के पास नदी मंदिर की और सड़क के बीचोंबीच प्राइवेट बसें बैखोफ होकर धड़ल्ले से खड़ी की जा रही हैं, जिसके चलते रास्ता तंग होने की वजह से फिर एक्सीडेंट होने का खतरा एकदम बढ़ जाता है। यहां से अग्निशमन, एंबुलेंस और पुलिस के अलावा अन्य छोटे बड़े वाहनों की भी आवाजाही होती रहती है लेकिन फिर भी यहां पर अवैध रूप से बसें खड़ी करके बस चालक किसी बड़ी घटना को जन्म देने का काम कर रहे हैं। यहां से पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन गुजरते रहते हैं, लेकिन वे भी इस और कोई भी ध्यान नहीं देते हैं। जिसके चलते ये बस चालक अपने हौसले बुलंद किए रहते हैं। किसी की भी दुकान के आगे ये अपनी बसें खड़ी कर उसकी दुकानदारी को भी प्रभावित करते हैं। अगर इनको बसें खड़ी करने पर टोका जाता है तो ये लड़ने मरने को तैयार हो जाते हैं। आए दिन दुकानदारों के साथ बदतमीजी करना इनका रूतबा सा बन गया है। जो कि कभी भी विस्फोटक स्थिति पैदा कर सकता है। यहीं पर बपारसी बस स्टैंड हैं क्या मजाल ये इस स्टैंड पर बस खड़ी कर दें, क्योंकि इन बसों का इस स्टैंड पर खड़े होना मना है, क्योंकि यहां पर हास्यस्पद बात ये है कि ये बसें प्राइवेट हैं और ये बपारसी सरधना मार्ग पर नहीं चलती। ये रूप सालों से बंद है। कुल मिलाकर कस्बे का प्राइवेट और बपारसी बस स्टैंड सिर्फ नाम के ही रह गये हैं। एक स्टैंड के ग्राउंड में तो दुकानें बना दी गयी हैं तो बस कैसे खड़ी हों और दूसरे बस स्टैंड पर आप अपनी मर्जी से बस खड़ी नहीं कर सकते।

हालांकि गलती बस चालकों की भी नहीं है। जब स्टैंड ही नहीं है तो बस कहां खड़ी करें। रोजाना पारसी बस स्टैंड के पास अवैध रूप से प्राइवेट बसें पार्क की जा रही हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी इस विकराल रुपी समस्या की और ध्यान देकर कम से कम इस बड़े कस्बे में एक स्थाई बस स्टैंड तो बनवा देना ही चाहिए या फिर अवैध बस स्टैंड लोगों की समस्याओं में इसी तरह से बढ़ोतरी कर सिरदर्द पैदा करता रहेगा।

चीन से सटे पिथौरागढ़ के लिए दिल्ली से विमान सेवा सीएम ने की शुरू

पिथौरागढ़, 07 नवम्बर (वार्ता)। चीन सीमा से सटे पिथौरागढ़ से दिल्ली की दूरी अब आसान हो गई है। गुरुवार को पिथौरागढ़ दिल्ली के बीच नई विमान सेवा शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने वर्चुअल इस विमान सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस सेवा के पहले दिन एलायंस एयर का 42 सीटर विमान 21 यात्रियों के साथ दिल्ली से पिथौरागढ़ पहुंचा। नैनी सैनी हवाई पट्टी पर जैसे ही विमान ने लैंड किया पानी की बौछार से विमान का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने अपने सम्बोधन में इस सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली-पिथौरागढ़ के साथ ही सहस्त्रधारा (देहरादून) से जोशीमठ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की आर्थिकी और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है और इससे दोनों में बढ़ोतरी होगी। साथ ही जनता को भी लाभ होगा।

प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर होगी बहुभाषीय उद्घोषणा

प्रयागराज, 07 नवंबर (वार्ता)। प्रयागराज रेल मण्डल महाकुंभ के अवसर पर पहली बार मल्टी लैंगवेज एनाउनंसमेंट करने की व्यवस्था कर रहा है। इससे देश के विविध भाषा बोलने और समझने वाले लोगों को उनकी भाषा में ट्रेनों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। महाकुंभ 2025 को सुगम व सुरक्षित महाकुंभ बनाने के डबल इंजन की सरकार के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में प्रयागराज रेल मण्डल कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है। एक ओर तो रेल मण्डल शहर के सभी रेलवे स्टेशनों के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण के कार्य कर रहा है तो दूसरी ओर श्रद्धालुओं की यात्रा को आसान बनाने के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि महाकुंभ 2025 में पहली बार रेल मण्डल मल्टी लैंगवेज एनाउंसमेंट करेगा। इसका लाभ देश के कोने-कोने से आने वाले अलग-अलग भाषा बोलने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा, जिन्हें हिंदी या अंग्रेजी भाषा समझने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

बंगलादेश में हिन्दुओं को सुरक्षा प्रदान करे अंतरिम सरकार: भारत

चटगांव में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हुए हमले और लूटपाट की निंदा, घटना के पीछे उग्रवादियों का हाथ

नई दिल्ली, 07 नवंबर (वार्ता)। भारत ने बंगलादेश के चटगांव में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हमले और लूटपाट की निंदा करते हुए वहां की अंतरिम सरकार से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिग में बंगलादेश की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि चटगांव में सोशल मीडिया पर हिन्दू समुदाय को निशाना बना कर भड़काऊ टिप्पणियां किये जाने के बाद वहां बहुत झगड़ा हुआ। हिन्दू समुदाय के लोगों के घरों पर हमला किया गया और लूटपाट की गयी जिसके पीछे उग्रवादी तत्वों का हाथ है। यह अत्यंत निदनीय है। श्री जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार की बातों से समाज में संतुलन बिगड़ता है और तनाव बढ़ता है। हमारा बंगलादेश की सरकार से आग्रह है कि दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये और हिन्दुओं को सुरक्षा दी जाये। बंगलादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की स्थिति को लेकर पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत की दृष्टि में श्रीमती हसीना 'पूर्व प्रधानमंत्री' हैं।

एसडी पब्लिक स्कूल में एक दिन बैग विहीन दिवस का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में एनईपी के अन्तर्गत बच्चों के कौशल विकास के उद्देश्य से प्रस्तावित एक दिन बैग विहिन दिवस के प्रथम चरण के रूप में अध्यापकों के साथ कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने मुजफ्फरनगर स्टेडियम का भ्रमण किया। वहां पर चल रहे रोचक क्रिकेट मैच के अभ्यास का आनंद लेते हुए विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरी तरफ स्कूल में चल रहे स्काउट और गाइड्स कैंप का समापन समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कैंप में कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया तथा नेतृत्व, अनुशासन व टीम वर्क के गुण सीखे। समारोह के दौरान स्काउट और गाइड्स ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने मॉक ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और कैपिंग से जुड़े विभिन्न कौशल दिखायें। शिविर में विद्यार्थियों की विभिन्न टोलियाँ बनायी गयी, जिन्हें ब्लैक पैंथर, किंग कोबरा, लॉयन आदि नाम दिया गया। प्राथमिक चिकित्सा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचर जैसे वन हैंड कैरी, टू हैंड कैरी तथा लाठी व चादर के कृत्रिम स्ट्रेच्चर बनाने सिखाया गया। भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जैसे तंबू निर्माण, विभिन्न प्रकार की गाँठे बांधना जैसे डॉक्टरी गाँठ, रीफनॉट तथा फूड स्टॉल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनके साथ ही विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, जिसमें- देशप्रेम से ओत-प्रोत समूह गान, रामलीला, लोक नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शिविर की सराहना की ओर कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में आत्म-निर्भरता और समाज सेवा की भावना का विकास होता है। उन्होनें छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्काउट और गाइड्स की शिक्षा जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सहायक होती है। स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सैना ने स्काउट और गाइड्स के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कैंप के उद्देश्य एवं इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों को आत्मनिर्भरता, अनुशासन और समाज सेवा के महत्व को सिखाया गया हैं। समापन समारोह के अंत में कैंप के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्काउट और गाइड के जिला संगठन आयुक्त भारत भूषण ने कैंप के सफल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

आधी रात दुकानों में आग का तांडव, लाखों का सामान हुआ खाक

झांसी, 07 नवंबर (वार्ता)। बड़े बाजार में बुधवार आधी रात के बाद एक दुकान में लगी आग के फैलकर पांच दुकानों तक फैलने के कारण लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। घटना कोतवाली क्षेत्र के बड़ा बाजार इलाके की है जहां एक किराने की दुकान में आधी रात के बाद आग की लपटें निकलती दिखायी दीं। यह दुकान संजय सरावगी की है। आसपास के लोगों ने श्री सरावगी को इसकी जानकारी दी और तुरंत ही पुलिस और दमकलकर्मियों को भी आग की सूचना दी गयी। घनी बस्ती वाले इस इलाके में आग की सूचना पर दमकल विभाग तुरंत हरकत में आयाऔर आनन फानन में दमकल की कई गाडियां मौके पर पहुंची। आग की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। सीएफओ राज किशोर राव के नेतृत्व में दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया गया।

बुढ़ाना में वकीलों ने नहीं किया कामकाज

बुढ़ाना, 07 नवम्बर (बु.)। गाजियाबाद कोर्ट रूम में विगत दिवस जिला जज और कुछ अधिवक्ताओं के बीच मामूली सी बात कुछ कहासुनी हो गई थी। तब इस घटना में गाजियाबाद पुलिस ने जज के इशारे पर निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया था। तब इस घटना के विरोध में हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बुढ़ाना बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता बृहस्पतिवार के दिन न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस संबंध में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष अशोक कुमार राठी और बार एसोसिएशन बुढ़ाना के महासचिव विकास कुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि मेरठ बार एसोसिएशन संघर्ष समिति द्वारा बृहस्पतिवार के दिन मेरठ शहर में एक आपातकालीन मीटिंग बुलाई गयी है, जिसके कारण सभी अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ रहेंगे। फिर इसी साक्षेप में यहां पर सभी अधिवक्ताओं की सहमति से न्यायिक कार्यो से विरत रहने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर आयोजित मीटिंग में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक राठी और महासचिव विकास त्यागी के अलावा पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, अवध बिहारी लाल समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

आईईडी विस्फोट मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

कोल्लम (केरल), 7 नवंबर (एजेंसी)। केरल की एक अदालत ने 2016 के आईईडी विस्फोट मामले के तीन दोषियों को गुरुवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। ये तीनों आरोपी मदुरई के निवासी हैं और इन पर आतंकवाद से जुड़े अपराधों का आरोप था। विस्फोट कोल्लम के कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ था।

अभियोजक सचिन जी. मुंडक्कल ने बताया कि कोल्लम के जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश जी. गोपाकुमार ने अब्बास अली, शमसुन करीब राजा और दाऊद सुलेमान को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा, इन तीनों को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के आरोप के तहत भी 10-10 साल की सजा भी सुनाई गई। उन्होंने बताया कि अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। तीनों दोषी आतंकवादी संगठन अल-कायदा के आतंकी ओसामा बिन लादेन के विचारों को बढ़ावा देने वाले समूह से भी जुड़े थे।

यह विस्फोट 15 जून 2016 को हुआ था। आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को एक टिफिन बॉक्स में छिपाया गया था, जो कलेक्ट्रेट परिसर में खड़े एक वाहन में फट गया था। मंसीफ कोर्ट के पास सुबह करीब 10.45 बजे जोरदार धमाका हुआ था। आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) , आपराधिक साजिश, हत्या का प्रयास और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस मामले की जांच की थी। जांच में पता चला था कि आरोपियों ने देशभर में कोर्ट परिसरों में बम विस्फोट की योजना बनाई थी। उन्होंने इससे पहले आंध्र प्रदेश के चित्तूर, कर्नाटक के मैसूर और केरल के मलप्पुरम में भी विस्फोट किए थे। पहले आरोपी अब्बास अली ने अपने घर पर बम तैयार किया था। जबकि दूसरे आरोपी शमसुन करीम राजा ने उसे कलेक्ट्रेट में रखा था और तीसरे आरोपी दाऊद सुलेमान ने सोशल मीडिया पर विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। यह मामला कोल्लम पश्चिम थाने में दर्ज हुआ था और जाच कोल्लम के सहायक पुलिस आयुक्त ने की थी। बाद में एनआईए ने मामले की गहन जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। पचेंडा रोड स्थित गोल्डन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल पीनना में आयोजित हुई खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 21 विद्यालयों की टीम के द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में 5 नवंबर को विद्यालय के छात्रों को तृतीय पुरस्कार एवं 6 नवंबर को विद्यालय की छात्रों को द्वितीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। टीम ने अपनी रणनीति, गति और सूझबूझ से खेल को रोमांचक बना दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की शारीरिक शिक्षा अध्यापिका कुमारी अवंतिका चौधरी के सञ्चालन में टीम ने कड़ी मेहनत कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को जीत की बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन को सराहा तथा भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल, उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा, सचिव सुशील कुमार, कौषाध्यक्षा ऋतु शर्मा, सहसचिव रितिका बिं

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

डोनाल्ड ट्रम्प की जीत का असर

डोनाल्ड ट्रम्प की जीत का असर दुनिया भर में देखने को मिलेगा। अभी एकदम जो असर पड़ा है, वह बयानों से झलक रहा है। भारत में ट्रम्प की जीत की खुशी है और कुछ ऐसे भी हैं, जो अच्छा सोच ही नहीं सकते, वे टीवी चैनलों पर अपनी जहालत के लिए भी जाने जाते हैं, वे चैनल पर बेकार बहस में ट्रम्प की जीत को काला दिवस बता रहे हैं। चैनल वाले रोज उनकी बेइज्जती करवाते हैं और वे रोज अपनी सोच बघारने चैनलों पर आ जाते हैं। इस तरह के लोग ट्रम्प की जीत से गहरे सदमे में हैं। अमेरिका में ट्रम्प के विरोधी भी इस तरह प्रलाप नहीं कर रहे होंगे, जितना ये खास जहन वाले कर रहे हैं। टूडो, पन्नू, जार्ज सोरोस, आतंकी मानसिकता वालों तथा भारत विरोधी ताकतों पर ट्रम्प की जीत का असर पड़ेगा, अब वे ज्यादा नहीं उछल पाएंगे। इस दृष्टिकोण से ट्रम्प की जीत महत्वपूर्ण है। ट्रम्प और मोदी की दोस्ती जग जाहिर है। ट्रम्प और मोदी दोनों ही नेता अपने-अपने देश में राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण को लेकर चलते हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर भी चिन्ता जाहिर की थी। ट्रम्प की जीत का असर बांग्लादेश की राजनीति पर भी पड़ेगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर जो लिखा था, उसने पूरी दुनिया में रह रहे भारतीयों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली के कायल अमेरिकी भारतीयों के मन में भी ट्रम्प का यह बयान मजबूती के साथ अंकित हुआ होगा। ट्रम्प ने लिखा था, मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और दूसरे अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। भीड़ उन पर हमला कर रही है, लूटपाट कर रही है, जो पूरी तरह से अराजकता की स्थिति है। उन्होंने लिखा था ,मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ होता। कमला और जो बाइडन ने अमेरिका सहित पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है। ट्रम्प ने लिखा, हम कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म-विरोधी एजेंडे के खिलाफ हिंदू अमेरिकियों की भी रक्षा करेंगे। हम आपकी आजादी के लिए लड़ेंगे। मेरे प्रशासन के तहत, हम भारत और मेरे अच्छे दोस्त, प्रधानमन्त्री मोदी के साथ अपनी महान साझेदारी को भी मजबूत करेंगे। दुनिया के किसी कद्दावर नेता ने हिंदुओं के पक्ष में इतना साफ बयान नहीं दिया है। दूसरों की तो छोड़िए, भारत के विपक्षी दलों के मुंह से भी बांग्लादेशी हिंदुओं के पक्ष में खुलकर कुछ नहीं कहा गया है। ट्रम्प की जीत पर वही बौखला रहे हैं, जिनके एजेंडे के खिलाफ ट्रम्प लड़ने की बात कर रहे हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की अविश्वसनीय वापसी पर उन्हें दुनियाभर से बधाइयां मिल रही हैं। इस क्रम में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी ट्रम्प को पहले एक्स पर पोस्ट के जरिए बधाई दी और फिर फोन करके बधाई दी। बातचीत को लेकर पीएम मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि मेरे मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई, उन्हें उनकी शानदार जीत पर बधाई दी। टेक्नोलोजी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक बार फिर मिलकर काम करने की उम्मीद है। इस दौरान ट्रम्प ने कहा कि पूरी दुनिया पीएम मोदी से प्यार करती है। भारत एक शानदार देश है और पीएम मोदी एक शानदार इंसान हैं। ट्रम्प की जीत का असर मणिशंकर अय्यर पर भी पड़ा है। ट्रम्प के जीतने पर कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर बेहद दुखी हैं। मणिशंकर अय्यर ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर बयान देते हुए कहा कि अमेरिका ने गलत व्यक्ति को चुन लिया है। मुझे बहुत दुख हो रहा है। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी इतिहास में दूसरी बार राष्ट्रपति पद पर की है। 132 साल में वह पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति बने हैं, जिसने दोबारा वापसी की है। उनसे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड ने ऐसा किया था। ग्रोवर क्लीवलैंड अमेरिका के 22 वें और 24 वें राष्ट्रपति थे, जिन्होंने 1885 से 1889 और 1893 से 1897 तक सेवा दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रम्प का पहला कार्यकाल 2016 से 2020 के बीच था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी है। जेलेंस्की ने एक्स पर बधाई पोस्ट में सितंबर में ट्रम्प के साथ अपनी बैठक को याद किया। इजरायल के प्रधानमन्त्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी डोनाल्ड ट्रम्प को बधाई दी। नेतन्याहू ने लिखा, डियर डोनाल्ड और मेलानिया ट्रम्प, इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई। व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नई शुरूआत और इजरायल और अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता प्रदान करती है। यह एक बड़ी जीत है। माना जा रहा है कि ट्रम्प उन देशों पर शुल्क और आयात प्रतिबंध लगाएंगे, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे अमेरिका के अनुकूल नहीं हैं। इनमें चीन और यहां तक कुछ यूरोपीय देश शामिल हैं। अगर ऐसा हुआ तो इससे भारतीय निर्यात के लिए बाजार खुल सकते हैं। ट्रम्प, भारत को एक मित्र देश के रूप में देखेंगे। उनके रहते भारत में अमेरिकी कंपनियों के बड़े निवेश की उम्मीद की जा सकती है। ट्रम्प की जीत भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत ही सकारात्मक घटना मानी जा रही है। ट्रम्प ने हिंदुओं पर अत्याचार का उल्लेख जिस प्रकार किया, उससे उन्हें भारत और विश्व में हिंदुओं की सहानुभूति हासिल जरूर हुई है। टीवी न्यूज चैनलों की बहसों में देखा जा रहा है कि भारत, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिकी हिंदुओं ने उनकी जीत पर खुले मन से खुशी का इजहार किया। इतना ही नहीं, मौजूदा भारतीय राजनैतिक परिदृश्य में हिंदुओं के मन में आत्मसात हुआ मोदी-योगी युग का नारा बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे और सेफ रहेंगे अब वैश्विक हो चुका है। साल 2016 में डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हिलेरी क्लिंटन को हराया था, तब इन्हीं मोहम्मद यूनुस, जो अब बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया हैं ने दुख जाहिर करते हुए कहा था कि ट्रम्प की जीत एक सूर्यग्रहण और काले दिनों की तरह है, जब बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ और मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया गया, तो उस वक्त्त वे डेमोक्रेट्स, बाइडन प्रशासन और हिलेरी क्लिंटन के साथ मिलकर काम कर रहे थे। देखना यह है कि मोहम्मद यूनुस पर ट्रम्प की जीत का क्या असर पड़ता है? ट्रम्प की जीत, यूनुस के लिए सूर्यग्रहण और काले दिनों जैसी न बन जाए।

चार दीप

सुनील उत्सव

"अलग" "मतलब" "इलेक्शन" "नतीजे"

सामने हैं सब इकट्ठे और पीछे सब अलग।
इनकी बातों का है मतलब रास्ते हैं अब अलग।।
बस इलेक्शन के नतीजे आने भर की देर है,
हैं अलग अब भी ये 'उत्सव' और होंगे तब अलग।



अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर मनाया छठ पर्व महोत्सव

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। नगर के एटूजेड रोड स्थित बजरंग विहार में गुरूवार को छठ पूजा का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान आस्था के इस महापर्व में सौन्दर्य और स्वच्छता को विशेष महत्व दिया गया। छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरूवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। शुक्रवार को इस कड़ी में सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण होगा। उगते सूरज की पूजा वैसे तो संसार का विधान है, इस पर छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य की सभी अराधना करते हैं। गुरूवार को इस कड़ी में एटू जेड रोड स्थित बजरंग विहार में छठ पूजा पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में छठ पूजा समिति आयोजक वीरेन्द्र यादव व छोटू लाल गुप्ता ने बताया कि यह पर्व लोक आस्था का महापर्व बिहार और पूर्वांचल का बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस पर्व पर सभी माताएं एवं बहनें अपने पुत्रों के दीर्घायु होने की कामना के लिए व्रत रखती हैं। इस बीच में व्रती महिलाओं ने ठेकुआ, सुधनी, बाधी और कचवनीया का प्रसाद बनाया तथा बाजार से सभी फलों को लाकर अपने सुपली और बांस के टोकरों में सजाकर छठ घाट पर आकर भगवान सूर्य के सूर्यास्त पर सभी व्रतियों ने अर्घ्य दिया। छठ महापर्व पर पूजा अर्चना करने के लिए शहर के अन्य मौहल्लों से महिलाओं, पुरुषों तथा बच्चों ने यहां आकर पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह इसके तहत भगवान भास्कर की पहली किरण पर अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। इस महापर्व पर कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व वार्ड सभासद सुंदर आदि के अलावा छठ पूजा समिति में शिवकुमार यादव, प्रदीप गुप्ता, सुनील यादव, नीरज यादव, अजीत यादव, अनिल यादव, सचिन गुप्ता, राजन गुप्ता, संजय, जीवन जोशी, दया, किशन जोशी, पन्ना लाल यादव आदि बड़ी संख्या में महिला, पुरूष और बच्चे मौजूद रहे।

गणपतिधाम मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा खाटू श्याम का जन्मोत्सव

- शनिवार को नगर में निकलेगी बाबा श्याम की भव्य शोभायात्रा - श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर में जन्मोत्सव की पूर्ण हुई तैयारी

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। हारे का सहारा, बाबा खाटू श्याम हमारा के जयघोष के बीच श्री गणपति धाम ट्रस्ट समिति द्वारा भरतिया कॉलोनी में भगवान खाटू श्याम जन्मोत्सव के आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली है। इसी कड़ी में परंपरागत विशाल शोभायात्रा नगर क्षेत्र में 9 नवम्बर को निकाली जायेगी, जिसके लिए सभी भक्तों में असीम उत्साह एवं भक्तिभाव देखने को मिल रहा है। गुरूवार को श्री गणपति धाम मंदिर परिसर में मीडिया से वार्ता करते हुए भीम कंसल ने बताया कि श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में भगवान श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव 9 से 13 नवम्बर तक धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान खाटू श्याम जी की जन्मोत्सव शोभायात्रा 09 नवम्बर दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा श्री गणपति धाम मंदिर से परम्परागत मार्ग नवीन मंडी स्थल, गुड मंडी होते हुए राजवाहा रोड से नई मंडी बड़े डाकखाने के सामने से निकलकर गौशाला रोड़ नन्दी स्वीट्स के बराबर से होते हुए पुरानी गुड़ मंडी, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार होते हुए मेहता क्लब, वकील रोड, चौड़ी गली, गौशाला रोड से भोपा पुल होते हुए मालवीय चौक, अंसारी रोड, सर्राफा बाजार, भगत सिंह रोड, शिवचौक, टाउनहाल रोड से मालवीय चौक के बराबर से होते हुए सिविल लाइन्स थाने के सामने से पचैंडा रोड, रेलवे ओवर ब्रिज से गांधी कालोनी बिजली घर के सामने वाली रोड़ से होते हुए श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग से द्वारकापुरी रोड, भोपा रोड, भोपा रोड पुल से होते हुए फिर वापस वकील रोड से बड़े डाकखाना रोड पर होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा में 05 बैण्ड, ढोल, 10 झांकियां व बाबा श्याम का रथ हाथों से खींचा जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान यात्रा मार्ग को झण्डों व तौरण द्वार से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 नवम्बर को श्याम नाम मेहंदी उत्सव मंदिर प्रांगण में सायं 7 बजे से मनाया जायेगा। वहीं 11 नवंबर को सायं 7 बजे निशान वितरण होगा और 12 नवंबर प्रातः 9 बजे एकादशी निशान यात्रा शिव चौक से प्रारम्भ होकर मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। इसी दिन एकादशी भव्य कीर्तन रात्रि को 8 बजे से मंगला आरती तक रहेगा। 13 नवम्बर को रात्रि में बधाई उत्सव व उसके उपरान्त भंडारे के साथ उत्सव का समापन होगा। इस दौरान मुख्य रूप से श्री गणपति खाटू श्याम मन्दिर परिवार से भीम कंसल, अशोक गर्ग, अनिल गोयल, चचा जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, अमित गुप्ता, अंकित अग्रवाल, रजत गोयल, नवीन अग्रवाल, शशांक राणा, शुभम तायल, रजत राठी, नवनीत गुप्ता, यश गर्ग, तुषार गर्ग आदि मौजूद रहे।

एसडी पब्लिक स्कूल में पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों प्रथम, द्वितीय, तृतीय को दिया गया तृतीय प्रशिक्षण

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बुस.)। आज एसडी पब्लिक स्कूल में मतदान अधिकारियों एवं पीठासीन अधिकारियों को मीरापुर विधान सभा उप निर्वाचन हेतु तृतीय प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप 16-मीरापुर विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए इस कड़ी में आज पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों प्रथम द्वितीय तृतीय को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एस.डी. पब्लिक स्कूल में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में उपचुनाव प्रक्रिया के संबंधी सभी पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों प्रथम द्वितीय तृतीय की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय तृतीय आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत रूप से भाग लेकर लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गजेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, मास्टर ट्रेनर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जा कर बनाए पांच मकान जेसीबी से ढहाए

बागपत। बागपत जनपद के रटौल कस्बे में लहचौड़ा मार्ग के समीप रास्ते की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए पांच मकानों पर राजस्व विभाग का बुलडोजर चल गया। जहां लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन राजस्व विभाग की टीम पांचों मकानों को ध्वस्त करने के बाद लौट गई। कस्बे के आंबेडकर वार्ड की सभासद धर्मवती देवी, कदीर अब्बासी, सुभाष समेत अन्य लोगों ने अफसरों से शिकायत करते हुए लहचौड़ा मार्ग के समीप सरकारी रास्ते की जमीन पर कब्जा कर मकानों का निर्माण करने का आरोप लगाया था।

धर्मेंद्र बेटियों को सलवार सूट में देखना पसंद करते हैं: धर्मेंद्र

मुंबई, 7 नवंबर (एजेंसी)। अभिनेता हेमा मालिनी और धर्मेंद्र बॉलीवुड के चर्चित कपल में से एक हैं। हेमा मालिनी ने 26 साल पहले 1980 में धर्मेंद्र के साथ शादी की थी। हेमा मालिनी अपनी बेटियों के साथ नजर आती हैं। उन्होंने अब अपनी बेटियों को लेकर कुछ बातें साझा की हैं। हेमा मालिनी ने कहा धर्मेंद्र ने अपनी बेटियों के लिए भी घर में कुछ नियम तय किए थे। उन्हें घर से बाहर जाकर छोटे कपड़े पहनना की इजाजत नहीं थी। एक इंटरव्यू के दौरान हेमा मालिनी ने बताया कि धर्मेंद्र अपनी बेटियों के लिए कैसे पिता रहे हैं। हेमा मालिनी ने कहा कि जब भी वे मुंबई आते थे और बच्चों से मिलने जाते थे, उनसे पढ़ाई की बातें करते थे। रही बात कपड़ों की तो वो इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट थे। उन्हें हमेशा सलवार कमीज पहनना पसंद है, जिस समय उन्हें घर आना होता है, मेरी बेटियां सलवार कमीज पहन लेती हैं। हेमा मालिनी ने कहा कि धर्मेंद्र को जींस से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्हें सूट बहुत पसंद है इसलिए मैं भी बेटियों से कहती हूं कि अगर पिता को सूट बहुत पसंद है तो तुम सूट ही पहनों।

चेयरमैन जहीर फारूखी की शिकायत पर चीफ इं. पहुंचे पुरकाजी, देखा बदहाली का सच

पुरकाजी, 07 नवम्बर (बु.)। विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर मुजफ्फरनगर पवन अग्रवाल ने पुरकाजी में जहीर फारूकी की साथ गलियों का निरीक्षण किया और एबीसी केबिल डालने वाले अधीनस्थों को फाइलों की साथ तलब किया और एक सप्ताह में स्थिति ना सुधरने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये। जनपद मुजफ्फरनगर में विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल ने आज पुरकाजी बिजलीघर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्युत कार्यालय पहुंचकर चेयरमैन जहीर फारूकी ने पुरकाजी की बदहाल आपूर्ति और एबीसी तारों की लाइन पूरी होने पर भी पुरकाजी में गलियों में जर्जर विद्युत तारों के जाल होने की शिकायत की। चेयरमैन ने कहा कि ओवरलोड का बहाना बनाकर कुछ महीनों से आधे पुरकाजी की लाइट बड़ीवाला फीडर से जोड़ दी गई है। घंटों-घंटों उधर आधे कस्बे की लाइट बंद रहती है। पुरकाजी जेई चंद्रप्रकाश नए कनेक्शनों और बिल ठीक होने के लोगों को चक्कर कटाते हैं। चेयरमैन पुरकाजी कपिल मुनि को सभी को तत्काल ठीक करने का आदेश दिया। चीफ इंजीनियर ने केबिल डालने वाले ठेकेदार को भी पुरकाजी की पूरी फाइल के साथ तलब किया है। सभी काम एक सप्ताह में करने के आदेश चीफ इंजीनियर ने दिए हैं। जहीर फारूकी ने यह भी बताया कि आम जनता को कनेक्शन देने में परेशान करने की शिकायत पर चीफ इंजीनियर ने जमकर जेई को हड़काया ओर भविष्य में कोई शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी। गौरतलब हो कि पहले से ही चेयरमैन पुरकाजी की मांग पर पुरकाजी बिजलीघर को 5 से 10 एमवीए के भार बढ़ाने की कार्यवाही चल रही है। जल्दी ही जहीर फारूकी के प्रयास से पुरकाजी कस्बे की पूरी लाइट पुरकाजी बिजलीघर से जोड़ी जाएगी और कांवड़ में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। चेयरमैन पुरकाजी की सभी शिकायतों को चीफ इंजीनियर ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को अविलम्ब सभी कमियां दूर करने के आदेश दिए। इस मौके पर एसडीओ पुरकाजी कपिल मुनि, जेई पुरकाजी चंद्र प्रकाश, अंशुल, अनुज बाबू, मौसम मैंबर पुत्र, आदिल फरीदी हाफिज मोहसिन आदि लोग मौजूद रहे।

भागवंती विद्या मंदिर में खिलाड़ी छात्राओं को किया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी की प्रार्थना सभा में छठ पूजा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय आचार्या सपना पुंडीर ने छठ पर्व की चार दिन तक चलने वाली पूजा की जानकारी देते हुए सूर्य भगवान का व्रत व पूजा विधि को पूर्ण कर राष्ट्र कल्याण की कामना करने का आग्रह सभी से किया। भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चक्र के प्रारंभ होने पर बहुत सी बहनों ने प्रतिभागिता की, इनमें कक्षा 8 सी से राधिका व शैली ने स्थान प्राप्त कर पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं की इस श्रृंखला में अखिल भारतीय राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो भोपाल में आयोजित हुई थी। इसमें अपने विद्यालय की छात्रा रिया ने तृतीय व मानवी ने द्वितीय तथा अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनन्या ने एसजीएफआई खेलकूद प्रतियोगिता जो दिल्ली में होगी, उसमें प्रतिभाग करेंगी। इसके साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्टार पेपर मिल सरस्वती विद्या मंदिर सहारनपुर में विद्यालय की छात्रा लक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। अब लक्षी एसजीएफआई खेलकूद प्रतियोगिता, जो गोरखपुर में आयोजित होगी उसमें प्रतिभाग करेगी। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने व स्थान प्राप्त करने का श्रेय विद्यालय शारीरिक शिक्षा विषय की आचार्या सीमा सिंह, सपना पुंडीर व शशि प्रभा को रहा। इस दौरान प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने सभी खिलाड़ी बहनों को मेडल व पटका पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य के लिए शुभाशीष देते हुए विजयपथ की मंगल कामनाएं की।

आरओ कार्यालय में दूसरे दिन भी कार्मिकों ने किया मतदान

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। मीरांपुर उपचुनाव की शुरू पोस्टल बैलेट प्रक्रिया के बीच गुरूवार को भी कलेक्ट्रेट में 14 कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। दो दिनों के अंदर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय कक्ष में 94 कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान किया। इनमें अधिकांश होमगार्ड शामिल रहे। वहीं इस बीच प्रशिक्षण केंद्र पर कुल 12 कर्मियों को ईडीसी जारी की गई। यह तमाम कर्मचारी उस क्षेत्र के निवासी हैं और अपने बूथ पर भी मतदान कर सकते हैं। मीरांपुर सीट पर होने वाले 20 नवम्बर को मतदान को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इस कड़ी में मतदान को लेकर सभी तैयारियों को पूर्ण किए जाने के साथ कर्मचारियों द्वारा मतदान की व्यवस्था कलेक्ट्रेट में स्थित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में की है। बुधवार को 80 कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलेट से यहां मतदान किया गया था। वहीं गुरूवार को 14 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। दो दिन में कुल 94 कर्मचारियों द्वारा मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उधर, भोपा रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान किसी कर्मचारी द्वारा मतदान नहीं किया गया है। इस संबंध में जिला भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश ने बताया कि मीरांपुर विधानसभा क्षेत्र के यहां पर 12 कर्मचारी हैं। इन सभी कर्मचारियों को अपने बूथ पर मतदान करने के लिए ईडीसी जारी की गई है। उधर, डीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरूवार को कलेक्ट्रेट में 14 कर्मचारियों द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया। यहां दो दिन में कुछ 94 कर्मचारियों के द्वारा मतदान किया गया, जिसमें अधिकांश होमगार्ड शामिल है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र वसीम पुत्र इलयास, निवासी ग्राम-सिकन्दरपुर, थाना-मीरांपुर, जिला- मुजफ्फरनगर पिछले काफी दिनों से गलत संगत में पड़ गया है और हमारे कहने-सुनने में नहीं है। हमारा उससे कोई मतलब वास्ता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है या वह किसी भी प्रकार की गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके लिए हमारी कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। उससे हमने सम्बन्ध विच्छेद किया हुआ है।

इलयास पुत्र मुन्ना
निवासी ग्राम- सिकन्दरपुर,
थाना- मीरांपुर, जिला- मुजफ्फरनगर

आवश्यकता है
टेलर/
Tailor
(लहंगा/सूट्स)
MAYA
निकट जैन चाट, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
Mob.: 9719728421

Shri Girdhari Lal Jain Memorial Public School
73, Prempuri, New Idgah, Muzaffarnagar (M. 9012205377)
(An Anglo-Indian School)
WE ARE HIRING !
Female Teachers for the following Subjects
III TO VI
HINDI
ENGLISH
S.St.
APPLY NOW
Walk in with a self written application between 9 AM to 12 NOON

जीपीएफ के दायरे में आने वाले सरकारी कर्मियों को भुगतान में देरी पर मिलेगा ब्याज

नई दिल्ली, 7 नवंबर (एजेंसी)। ऐसे सरकारी कर्मचारी, जो 'सामान्य भविष्य निधि' के दायरे में आते हैं, उनके लिए राहत की खबर है। सेवानिवृत्ति पर सामान्य भविष्य निधि की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो सेवानिवृत्ति के बाद की अवधि के लिए 'सामान्य भविष्य निधि' की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। इस बाबत विभाग द्वारा दो सप्ताह पहले ही कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। बता दें कि हाल ही में पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग को ऐसे कई संदर्भ प्राप्त हुए हैं, जिनमें सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को जीपीएफ के विलंबित भुगतान पर ब्याज दिए जाने के संबंध में पूछा गया है। कर्मियों की सेवानिवृत्ति के बाद जीपीएफ पर ब्याज देय है या नहीं। विभाग ने इस संबंध में 16 जनवरी, 2017 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3/3/2016-पी&पीडबल्यू (एफ) (प्रति संलग्न) का हवाला दिया है। इसमें सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी को जीपीएफ का अंतिम भुगतान समय पर करने से संबंधित विस्तृत स्पष्टीकरण सभी मंत्रालयों/विभागों को प्रेषित किए गए थे। अंशदाता के भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि, देय हो जाती है, तो उसका भुगतान करने का दायित्व लेखा अधिकारी का होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि पूरी तरह से सरकारी कर्मचारी की व्यक्तिगत संपत्ति है। उनके खिलाफ लंबित किसी भी अनुशासनिक मामले या लगाए गए जुमार्ने का सामान्य भविष्य निधि राशि के संवितरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। सामान्य भविष्य निधि नियमावली के नियम 11 (4) के अनुसार, यदि सेवानिवृत्ति पर जीपीएफ की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो सेवानिवृत्ति के बाद की अवधि के लिए सामान्य भविष्य निधि की बकाया राशि पर ब्याज का भुगतान करना अपेक्षित है। जनवरी 2017 में कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था। उसमें सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर तय समय के भीतर जीपीएफ का अंतिम भुगतान करने से संबंधित केस में स्पष्टीकरण जारी किया गया था। उसमें कहा गया है कि भविष्य के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के साथ आयोजित समीक्षा बैठकों में यह देखा गया है कि कई मामलों में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी/अधिकारी को उसकी सेवानिवृत्ति पर सामान्य भविष्य निधि 'जीपीएफ' का अंतिम भुगतान तत्काल नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण विलंबित अवधि के लिए ब्याज का भुगतान करना पड़ता है।

एक-दूसरे के साथ रहने पर अड़ीं युवतियों को परिजनों ने रोका तो चौराहे पर किया हंगामा

शाहजहांपुर, 7 नवंबर (एजेंसी)। शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की रिश्तेदार सिंधौली के एक गांव में रहती हैं। यहां रहने वाली युवती से उसकी गहरी दोस्ती हो गई। बुधवार को दोनों युवतियां परिजनों से नजर बचाकर शाहजहांपुर पहुंच गईं। उनकी तलाश करते हुए परिजन भी शाहजहांपुर पहुंचे और दोनों को समझाकर पुवायां तक ले आए। राजीव चौक पर युवतियां एक-दूसरे के साथ रहने की बात कहते हुए हंगामा करने लगीं। सिंधौली की युवती की बहन भी एक युवक के साथ राजीव चौक पर पहुंच गई, तब तक परिजन दोनों युवतियों को कार में बिठा चुके थे। सिंधौली की युवती की बहन और उसके साथ आए युवक ने कार का शीशा खुलवाने का प्रयास किया। युवक ने शीशा तोड़ दिया। विवाद की जानकारी पाकर राजीव चौक पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर आ पहुंचे और सभी को थाने ले गए। बाद में पुलिस ने सभी को जाने दिया। खास बात यह है कि पुलि

अखाड़ा परिषद की बैठक में संतों के बीच मारपीट

प्रयागराज, 7 नवंबर (एजेंसी)। दो धड़ों में बंटे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के संतों के बीच बृहस्पतिवार को मारपीट हो गई। इससे काफी देर तक अफरातफरी मची रही। दारागंज में पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसी तरह दारागंज में ही श्री पंचायती अखाड़ा निमोर्ही में महंत राजेंद्र दास की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान दोनों धड़ों के संतों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद मारपीट हो गई। इससे काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। अखाड़ा परिषद के दोनों धड़ों के संत भूमि आवंटन की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे थे। बताया जाता है कि इस दौरान निमोर्ही अखाड़े के महंत राजेंद्र दास से कुछ संतों से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इससे मेला कार्यालय पर अफरातफरी मच गई। मौके पर जूना अखाड़े के संरक्षक और अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

हटाए जाएंगे राम मंदिर के प्रथम तल पर लगे कमजोर पत्थर

अयोध्या, 7 नवंबर (एजेंसी)। रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर के प्रथम तल पर कुछ पत्थर ऐसे लग गए हैं, जिनकी मोटाई कम है। गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। बताया जा रहा है कि ये पुराने पत्थर हैं। अब इन पत्थरों को निकालकर इनके स्थान पर मकराना के पत्थर लगाए जाएंगे। यह निर्णय राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के पहले दिन लिया गया है। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इसका खुलासा किया है। बताया कि जिन पत्थरों की मोटाई कम है, उन्हें बदल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 800 मीटर लंबे परकोटा में रामकथा आधारित 80 म्यूरल यानी भित्ति चित्र बनाए जाने हैं। ये सभी म्यूरल कांस्य पर बनने हैं। इन्हें पत्थरों पर चिपकाया जाएगा। इनमें से 10 म्यूरल बनकर आ गए हैं। एक म्यूरल लगा भी दिया गया है। म्यूरल लगाने के बाद क्या-क्या सावधानियां बरतनी होंगी ? बैठक में इस पर भी चर्चा की गई। राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लंबी दूरी तक पैदल न चलने पड़े, इसके लिए मंदिर के निकट ही एक ऐसा भवन निर्मित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालु अपने जूता-चप्पल जमा कर सकेंगे। इस भवन में एक बार में छह से 10 हजार जोड़ी जूता-चप्पल जमा किया जाएगा।

बटेंगे तो सिलेंडर 1200 में मिलेगा, एक रहेंगे तो 400 में

लखनऊ, 7 नवंबर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बटेंगे तो कटेंगे... को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में लगातार पोस्टरवार जारी है। बृहस्पतिवार को सपा कार्यालय के बाहर एक और पोस्टर लगाया गया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में कहा गया है कि अगर बटेंगे तो एक सिलेंडर 1200 रुपये में मिलेगा और एक रहेंगे तो 400 रुपये में मिलेगा। बता दें कि सीएम योगी के बयान पर सपा ने पलटवार करते हुए कहा था कि न बटेंगे न कटेंगे पीडीए संग रहेंगे। इस पोस्टर में भी पीडीए मतलब पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के एक रहने की बात कही गई है। पोस्टर में दाहिनी तरफ ऊपर की तरफ सभी धर्मों के लोगों को प्रदर्शित करते हुए एक तस्वीर भी लगाई गई है। पोस्टर में लिखा है.. न बटेंगे न कटेंगे एक हैं और एक रहेंगे। बटेंगे तो गैस सिलेंडर 1200 रुपये में मिलेगा एक होंगे तो 400 रुपये में मिलेगा।

शाहरुख खान को मिली जान से मारने की धमकी

मुंबई, 7 नवंबर (एजेंसी)। सलमान खान के बाद, भारतीय अभिनेता शाहरुख खान को फैजान खान नामक एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। महाराष्ट्र के बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। रायपुर के आरोपी ने अभिनेता से भारी फिरौती की मांग की है। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें एक कॉल पर धमकी मिली है। मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी फैजान नाम के शख्स ने धमकी भरा कॉल किया है। सूत्रों ने बताया कि मुंबई पुलिस की एक टीम जांच के लिए रायपुर गई है। बई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अभिनेता शाहरुख खान को कथित तौर पर धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। धारा 308(4), 351(3)(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हालांकि मुंबई पुलिस की ओर से उन रिपोर्टों की कोई पुष्टि नहीं की गई है कि कॉल छत्तीसगढ़ के रायपुर से की गई थी, रायपुर पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस शाहरुख खान को धमकी देने के लिए फैयाज खान नाम के व्यक्ति को नोटिस दे रही है। मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अभिनेता शाहरुख खान को कथित तौर पर धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है।

फेसबुक फ्रेंड ने लॉरेंश विश्नोई के नाम से रवि पांचाल को दी थी धमकी

गाजियाबाद, 7 नवंबर (एजेंसी)। लॉरेंश विश्नाई के नाम से धमकी देने वाले आरोपी दीपू निवासी हरदोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फेसबुक फ्रेंड राजेंद्रनगर सेक्टर-2 निवासी रवि कुमार पांचाल को फोन नहीं उठाने और गाली देने पर आरोपी ने फोन पर धमकी दी थी। मामले में रवि ने शालीमार गार्डन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि राजेंद्रनगर सेक्टर दो में रहने वाले विधानसभा प्रत्याशी रवि कुमार पांचाल को लॉरेंस विश्नोई के नाम पर धमकी देने वाले आरोपी दीपू को गिरफ्तार किया है। दीपू पुत्र श्रीकृष्ण निवासी हरदोई कई साल से गुजरात प्रांत के गांधीनगर में बोरियों की सिलाई व पल्लेदारी का काम करता है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया कि वह रवि पांचाल की फेसबुक पर वीडियो देखता रहता था और उन्हें फॉलो करते हुए वीडियो भी लाइक करता। उसने एक दिन रवि पांचाल को फोन किया तो काट दिया और दूसरी बार फोन करने पर उसे गाली दी गई और उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया।

कूड़े से विद्युत उत्पादन कराने की दिशा में आगे बढ़ी पालिका

▶ एक सप्ताह में सपने को मिलेगी उड़ान, लगने लगेंगी मशीन ▶ नीदरलैंड कंपनी अफसरों संग ईओ ने बनाया ले आउट प्लान ▶ लीगेसी वेस्ट पर चर्चा, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट चेयरपर्सन की बड़ी उपलब्धि

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् का करीब एक दशक पुराना वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित कराने का सपना चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के कार्यकाल में पूर्ण होने जा रहा है। इसके लिए पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह नीदरलैंड और यूपी सरकार के बीच हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही हैं। प्लांट के लिए सड़क निर्माण बाधा को दूर करने के बाद प्लांट में मशीनरी सेक्शन को खड़ा करने में एक सप्ताह के भीतर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। वहीं नगर पालिका प्रशासन का प्रयास होगा कि मार्च 2025 से पूर्व प्लांट का शुभारंभ करा दिया जाए। नीदरलैंड कंपनी प्लांट पर 18 अरब रुपए खर्च करने जा रही है। कंपनी अफसरों ने गुरूवार को पालिका मुख्यालय पहुंचकर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ ले आउट प्लान पर विस्तृत चर्चा की।

नगरपालिका परिषद् में कूड़े से बिजली बनाने के लिए एक दशक पूर्व तत्कालीन चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने नीदरलैंड की कंपनी के साथ काम शुरू किया था, लेकिन समय समय पर बाधा पैदा होने से यह परवान नहीं चढ़ पाया। बीच में नीदरलैंड और यूपी सरकार के बीच विभिन्न शहरों में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने का करार हुआ तो मुजफ्फरनगर को शामिल किया गया, इसके लिए पालिका से कंपनी ने करीब 20 हैक्टेयर भूमि मांगी थी, जो उपलब्ध करा दी गई। गुरूवार को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू के तहत काम कर रही नीदरलैंड की जीसी इंटरनेशनल की इंडियन सिस्टर कन्सर्न कंपनी जीसी आईएनटी सॉल्यूशंस प्रा. लि. नई दिल्ली के डायरेक्टर एवं सीईओ थेरूस जिएलिंग, डायरेक्टर सिद्धार्थ शिवारमण व ऑपरेशनल मैनेजर जेस्सी स्केपर्स पालिका में पहुंचे। उन्होंने यहां ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ मुलाकात करते हुए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए मशीनरी सेक्शन बनाने के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ करने को बिन्दुवार चर्चा की। कंपनी सीईओ थेरूस जिएलिंग ने ईओ को बताया कि किदवईनगर के एटूजेड सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट वाली भूमि पर बने मशीनरी कम्पाउंड में ही वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का मशीनरी सेक्शन बनाया जायेगा। इसके लिए वहां पर लगी पुरानी

मशीनरी हटवाने के साथ एक सप्ताह में जरूरी निर्माण कार्य, फाउंडेशन आदि को शुरू कराया जायेगा। उन्होंने ईओ से शिकायत की कि प्लांट पर बने डम्पिंग ग्राउंड में शहर से निकल रहे अपशिष्ट को डालने के बजाए कूड़ा निस्तारण में लगी एमआईटूसी कंपनी के लोग प्लांट के बाहर ही रात्रि में सड़क किनारे कूड़ा डाल रहे हैं, जिससे आवागमन के लिए मार्ग भी अवरुद्ध हो रहा है। वहीं प्लांट के पास तीव्र मोड पर बना एक सीवर क्षतिग्रस्त है, उसके निर्माण की जरुरत है। ईओ प्रज्ञा सिंह ने एमआईटूसी कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह व सैकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह को सड़क किनारे कूड़ा डालने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल रुकवाने व अपशिष्ट प्लांट के अंदर निर्धारित डम्पिंग ग्राउंड पर करने के निर्देश के साथ चेतावनी भी दी, वहीं एई निर्माण अखण्ड प्रताप सिंह को क्षतिग्रस्त सीवर का निर्माण सड़क बनने से पहले कराये जाने के लिए कहा है, ताकि कार्ययोजना को धरातल पर उतारने में कोई गतिरोध पैदा न हो पाए।

इन्होंने कहा- पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नीदरलैंड की कंपनी जीसी इंटरनेशनल की ओर से प्रदेश सरकार के साथ में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू किया गया है। इस योजना के तहत लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने 20 हैक्टेयर भूमि की मांग की थी, इसमें किदवई नगर प्लांट से 19.46 हैक्टेयर भूमि पालिका द्वारा कंपनी को 30 वर्ष की लीज डीड के आधार पर प्रदान की है। उक्त प्लांट का पूरा खर्च कंपनी ही वहन करेगी। उन्होंने बताया कि वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित करने को एमओयू के तहत समयावधि मार्च 2025 रखी है। हमारा प्रयास है कि हम इससे पहले ही प्लांट का शुभारंभ करा दें। आज कंपनी के अफसरों के साथ मीटिंग सुखद रही और एक सप्ताह में प्लांट के लिए जरूरी मशीनरी सेक्शन बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

उधर, नीदरलैंड की इस जीसी आईएनटी कंपनी के डायरेक्टर सिद्धार्थ शिवारमन ने बताया कि हमारी कंपनी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के निर्माण पर 18 अरब रुपए का बजट खर्च करेगी। इसके लिए यहां पर 30-40 मेगावाट विद्युत प्रतिदिन पैदा करने की क्षमता वाली मशीनों को लगाने का काम एक सप्ताह में शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्लांट को प्रतिदिन एक हजार टन कूड़ा-करकट की आवश्यकता होगी, इसमें 750 टन अपशिष्ट, 250 टन प्लास्टिक कचरा शामिल है। कंपनी का प्रयास है कि समयावधि में हम यह प्लांट स्थापित करते हुए कूड़े से विद्युत उत्पादन का काम शुरू करा दें, ताकि आने वाले दिनों में कूड़े की समस्या से क्षेत्र की जनता को मुक्ति मिल सके।

आम आदमी को महंगाई से मिलेगी थोड़ी राहत, सस्ता होगा खाने का तेल!

नई दिल्ली, 7 नवंबर (एजेंसी)। हरी सब्जियों और आलू-प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच ये खबर आम आदमी के लिए राहत लेकर आई है। दिवाली और छठ के त्योहार खत्म होने के साथ ही बाजार में सोयाबीन की आवक में इजाफा होना शुरू हो गया है। इसका सीधा असर तेल के भाव पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में खाद्य तेलों के दामों में कमी देखने को मिल सकती है। खाद्य तेल के कारोबार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद से ही ऊंचे दामों पर तेल में बिक्री भी घट रही है। ऐसे में प्लाटो की सोयाबीन में लेवाली कमजोर देखने को मिली है। इसके असर से सोयाबीन के दामों में गिरावट दर्ज की गई है। प्लांट की ओर से सोयाबीन खरीदी भाव करीब 25-50 रुपये तक कमजोर बोले जा रहे हैं। शादियों के सीजन में भी उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। इसलिए तेल के भाव में भी गिरावट होने की उम्मीद है। इन दिनों बाजार में सोयाबीन तेल घटकर 1320-1325 रुपये प्रति दस किलो रह गया है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती बनी हुई है। इसके चलते पाम तेल में तेजी जारी रहेगी। पाम तेल में तेजी को ध्यान में रखते हुए सोयाबीन तेल भी ज्यादा कम की संभावना नहीं है।

मौसम : ना बर्फ, ना बारिश: कैसे बढ़े ठण्ड

▶ दिन में गर्मी और रात में मच्छरों के कारण घूम रहे पंखे

मुजफ्फरनगर, 7 नवंबर (बु.)। नगर में कई दिन से तापमान अधिकतम तीस और न्यूनतम 16-17 के पास घूम रहा है। ऐसे में दिन में जहां गर्माहट बरकरार है, वहीं रात में मच्छरों के कारण पंखा चलाना मजबूरी बना हुआ है। आज तापमान अधिकतम 29.4 और न्यूनतम 16.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि ठंड के जोर पकड़ने में अभी वक्त है। हालांकि मौजूदा मौसम काफी राहत भरा है। दिवाली बीतने के बावजूद पंखे बंद नहीं हो रहे हैं। दिन में तापमान तीस डिग्री के करीब चल रहा है। ऐसे में पंखे की जरूरत बनी हुई है। रात में तापमान 17 डिग्री के पास रहने के बावजूद मच्छरों के प्रकोप के चलते पंखे चलाना मजबूरी बन गई है। ऐसे में अभी कड़ाके की ठंड के दौर के लिए इंतजार करना पड़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 1951 के बाद इस साल अक्तूबर का महीना गर्म रहा। अब सात दिन बीत जाने के बाद नवंबर भी गर्म बना हुआ है। शुष्क मौसम और बारिश नहीं होने के कारण नवंबर में भी गर्मी का अहसास हो रहा है। आलम यह है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों ही बढ़े हुए हैं।

पहाड़ों में बर्फबारी नहीं होने के कारण ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों तक नहीं आ रही हैं। इस कारण से सर्दी का इंतजार भी लंबा होता जा रहा है। फिलहाल बारिश के आसार नहीं है और इस कारण से तापमान में भी गिरावट की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर बर्फबारी नहीं हुई और हवाएं ठंडी नहीं हैं जिससे कि ठिठुरन बने। फिलहाल मौसम में किसी प्रकार के परिवर्तन की संभावना नहीं है इस कारण में उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में बारिश का पूवार्नुमान भी नहीं है। आगामी 13 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है, लेकिन इसका असर पहाड़ों के ऊंचे इलाकों तक ही रहेगा। बर्फबारी होने पर उसका असर इतना नहीं होगा कि उसके कारण मैदानी इलाकों तक ठंडी हवाए आएं। 14 से 16 नवंबर के बीच एक हल्का विक्षोभ हिमालयी और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में आने के संकेत मिले हैं। इसके आने से पहले मैदानों में हल्की गर्म हवा फैल सकती है, जो तापमान में गिरावट को रोक सकती है। विक्षोभ के गुजरने के बाद ठंडी हवा का एक समूह तापमान को गिरा सकता है, जो इस मौसम गतिविधि की तीव्रता पर निर्भर करेगा। उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी भी शामिल है, अगले 10-12 दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। अगले सप्ताह के मध्य में ऊंचे पर्वतों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है, जो कुछ हिस्सों में थोड़ी ठंडक ला सकती है। तापमान में गिरावट धीरे-धीरे और मौसमी रूप से होगी, जिसमें किसी बड़ी ठंडी लहर का प्रभाव नहीं होगा।

सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यस्वथा हुई चाक-चौबंद

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। मोरना में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर चाक चौबंद इंतजाम किए। गुरुवार को डीएम व एसएसपी ने मोरना में पहुंचकर

▶ डीएम-एसएसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। उन्होंने हेलीपेड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के हेलीपेड स्थल पर रात्रि से पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा में 5 एडिशनल एसपी समेत पैरामिलिट्री व पीएसी को तैनात किया गया है। शुक्रवार को मीरापुर उपचुनाव को लेकर भाजपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को जिला

प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर अपनी तैयारिया पूरी कर ली है। गुरुवार को डीएम उमेश कुमार मिश्रा व एसएसपी अभिषेक सिंह ने अधिनस्थ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन भी किया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर 5 एडिशनल एसपी, 9 सीओ,8 थाना प्रभारी, 19 इंस्पेक्टर, 625 दरोगा, हैड कास्टेबिल, कांस्टेबिलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा चार कम्पनी पैरामिलिट्री फोर्स व पीएसी को भी तैनात किया गया है। सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम स्थल के आसपास चक्रव्यूह बनाया गया है, ताकि किसी तरह की कोई आपात स्थित पैदा न हो।

बेसिक शिक्षक तबादला नीति के प्रावधानों को किया निरस्त

लखनऊ, 7 नवंबर (एजेंसी)। राज्य सरकार के शिक्षकों के स्थानांतरण संबंधी आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने आदेश के कुछ अंशों को निरस्त कर दिया। अदालत ने बाद में सेवा में आने वालों का पहले तबादला के आदेश को भी निरस्त कर दिया। साथ ही विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात के आधार पर शिक्षकों के समायोजन के प्रावधान को भी निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने पुष्कर सिंह चंदेल, राहुल पांडेय, सौरभ शुक्ला, उदय प्रताप सिंह व अन्य शिक्षकों की याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से अपना फैसला सुनाया। याचिका में शिक्षकों ने बाद में सेवा में आने वाले शिक्षकों का पहले तबादला करने वाले प्रावधान का मुख्यतः विरोध किया। उनका कहना था इस नीति से जूनियर शिक्षकों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा और उनका स्थानांतरण होता रहेगा जबकि वरिष्ठ शिक्षकों के तबादले की संभावना कम ही रहेगी। इसके अलावा शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात के आधार पर शिक्षकों की तबादला नीति को चुनौती दी गई। उनके अधिवक्ताओं ने कहा कि यह नीति शिक्षा के अधिकार और शिक्षक सेवा नियमावली के अनुरूप नहीं है। अदालत ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद 26 जून 2024 को जारी आदेश के तीन, सात, आठ और नवें बिंदु को निरस्त कर दिया। आदेश के तीसरे बिंदु में मानकों के अनुसार अधिक शिक्षकों की संख्या वाले विद्यालयों और शिक्षकों की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित करने, सातवें बिंदु में जूनियर शिक्षकों को अधिक मानते हुए उनके स्थानांतरण की सूची, आठवें बिंदु में छात्र-शिक्षकों के अनुपात के संबंध में और नवें बिंदु में एक ही विषय के दो अध्यापकों के कार्यरत होने पर जूनियर शिक्षकों को तबादला में प्राथमिकता के आधार पर करने के बारे में प्रावधान थे।

चोरी की कार समेत एक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 07 नवम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के चरथावल मोड से एसटीएफ व शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम को सूचना मिली कि मेरठ की ओर से एक वाहन मुजफ्फरनगर की ओर आ रहा है। उक्त वाहन चोरी की ब्रेजा कार है, जोकि दिल्ली से चोरी की गई है। इस सम्बंध में मेरठ एसटीएफ टीम ने शहर कोतवाली पुलिस से सम्पर्क साधा तो लोकेशन के आधार पर चरथावल रोड पर पुलिस ने चैकिंग के दौरान कार समेत शातिर वाहन चोर को दबोच लिया। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा के अनुसार उक्त चोर उजैर निवासी मौहल्ला पटेलनगर थाना देहली गेट मेरठ का है। चोर ने बताया कि उक्त ब्रेजा कार उसके साथियों मेहराज, साकिब उर्फ गद्दू निवासीगण मेरठ, शब्बू निवासी महलकी थाना जानसठ व मेरठ निवासी इजरार ने चोरी की थी और आरोपियों ने यह भी बताया कि वह चरथावल मोड पर इसलिए जा रहे थे क्योंकि उक्त कार वहां पर मौजूद एक व्यक्ति के हवाले करनी थी। वहीं एसटीएफ के एसपी बृजेश सिंह ने बताया कि उक्त वाहन चोर गिरोह एक बड़ा गिरोह है और उक्त गिरोह पर पहले से ही चोरी के मामले दर्ज हैं। फिलहाल उजैर ही पुलिस की पकड़ में आया है। गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है, संभवतः पुलिस जल्द इनका खुलासा करेगी।

चुनाव जीता तो कुंवारों की शादी करा दूंगा...

मुंबई, 7 नवंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बीड जिले की परली विधानसभा सीट से उठढ शरद पवार गुट के उम्मीदवार राजेश साहेब देशमुख ने चुनाव जीतने पर कुंवारे लड़कों की शादी कराने का वादा किया है। देशमुख का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो कह रहे हैं कि अगर उन्हें विधायक चुना जाता है तो वो परली के कुंवारे लड़कों की शादी की जिम्मेदारी लेंगे। देशमुख 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मौजूदा एनसीपी विधायक और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। देशमुख ने मंगलवार शाम परली में एक चुनावी रैली में कहा कि जब शादी तय करने की बात आती है तो लोग जानना चाहते हैं कि परली के लड़कों के पास नौकरी है या कोई व्यवसाय है। अगर सरकार रोजगार नहीं दे रही है तो उन्हें नौकरी कैसे मिलेगी? अगर संरक्षक मंत्री धनंजय मुंडे उद्योग लगाने या ऐसी अन्य गतिविधियों से दूर रहेंगे, तो कुंवारे क्या करेंगे? मैं सभी युवकों को आश्वासन देता हूं कि मैं उनकी शादी करवाऊंगा और उन्हें कुछ रोजगार भी दूंगा। 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में देशमुख का मुकाबला एनसीपी के मौजूदा विधायक और कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे से है। हालांकि टाइम्स ऑफ इंडिया ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनकी तरफ से फोन कॉल और टेक्स्ट मैसेज का जवाब नहीं मिला।

घायल युवक की मौत

शाहपुर, 07 नवम्बर (बु.)। सड़क हादसे में घायल कस्बा निवासी 25 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। कस्बे के मौहल्ला अंसारियान निवासी राशिद पांच दिन पूर्व शाम के समय मुजफ्फरनगर रोड पर किसी कार्य से गया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल को उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल होने के साथ कस्बे में शोक व्याप्त हो गया।

शाहजहांपुर में खेत में तलवारें और बंदूक देख दंग रह गया किसान

शाहजहांपुर, 7 नवंबर (एजेंसी)। निगोही क्षेत्र के ढकिया तिवारी गांव में बुधवार को खेत की जोताई के दौरान पुरानी तलवारों, बंदूक की नालों व अन्य हथियारों का जखीरा मिला है। हथियारों में जंग लगी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि हथियार डेढ़ से दो सौ साल पुराने हो सकते हैं। पुलिस व तहसील की टीम ने मौका मुआयना कर जायजा लिया है। प्राथमिक जांच के बाद प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा।

ढकिया तिवारी गांव के बाबू राम के अनुसार बुधवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह अपने खेत में जोताई कर रहे थे। तभी एक जगह हल किसी ठोस वस्तु में अटक कर रुक गया। देखने पर खेत में जमींदोज तलवारें नजर आईं। उन्हें निकालकर आगे जोताई शुरू की तो फिर हल अटक गया। तब फावड़े से खोदाई की तो वहां 20 तलवारें, दस सिंगल बैरल बंदूकों की नली, एक दोनाली बंदूक की नली, एक बरछी और दो तमंचे जैसे हथियार मिले। इसकी चर्चा गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत पर पहुंच गए। इस बीच प्रभारी निरीक्षक भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसएस कॉलेज के इतिहास विभाग के पुरातत्वविद् डॉ.दीपक सिंह ने बताया कि तलवारों में चांदी की मूठ लगी बताई गई है। वहीं बंदूक की सिर्फ नाल है। लकड़ी का हिस्सा दीमक खा गया होगा। इसकी जांच कर स्थिति का पता लगाया जाएगा। माना जा सकता है कि हथियार डेढ़ से दो सौ साल पुराने होंगे। भारत में बंदूकों का प्रयोग 16वीं सदी से प्रारंभ हो गया था।

बेईज्जती: पाकिस्तानी सेना प्रमुख को पाकिस्तान में ही ईरानी सुरक्षा गार्ड ने मीटिंग में घुसने से रोका

इस्लामाबाद, 7 नवंबर (एजेंसी)। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की पाकिस्तान में ही जबरदस्त बेइज्जती हुई है। इस बेइज्जती का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में पाकिस्तान दौरे पर पहुंचे ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची के सुरक्षा गार्ड ने जनरल मुनीर को मीटिंग में घुसने से रोक दिया। इस दौरान साथ आ रहे पाकिस्तानी अधिकारी ने ईरानी सुरक्षा गार्ड से जनरल मुनीर का परिचय कराया। तब उन्हें मीटिंग हाल में जाने की अनुमति मिली। ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए पाकिस्तान दौरे पर हैं। वर्तमान में पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हलचल मची हुई है। कई हथियारबंद विद्रोही समूह सीमा पर लगातार हिंसक गतिविधियों को बढ़ा रहे हैं। इससे जितना ईरान परेशान है, उतना ही पाकिस्तान भी। कुछ महीनों पहले दोनों देशों ने एक दूसरे की सीमा के अंदर बमबारी भी की थी। इसके बाद दोनों देशों में तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया था।

गन्नों से भरा ट्रक गिरा, रास्ता जाम

खतौली, 07 नवम्बर (बु.)। खतौली थाना इलाके के मिल रोड (सफेदा रोड) फ्लाईओवर पर गन्नों से भरा ट्रक अचानक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया और ट्रक में भरा गन्ना बराबर में नीचे सर्विस रोड पर भर-भराकर गिर गया। गनीमत रही इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर शुगर मिल प्रशासन ने रास्ते से गन्ना हटवाकर व पलटे ट्रक को क्रेन की सहायता से हटवाकर रास्ता बहाल कराया।

दिल्ली-एनसीआर में छठ की धूम: सीएम आतिशी-केजरीवाल ने निभाई रस्में

दिल्ली, 7 नवंबर (एजेंसी)। दिल्ली समेत गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम तक छठ महापर्व मनाया जा रहा है। गुरुग्राम में सूर्योपासना के महापर्व छठ का पहला अर्घ्य बृहस्सिवार की शाम संपन्न हुआ। गुरुग्राम में 35 बड़े छठ घाट बनाए गए हैं। इसके अलावा व्रतियों ने स्वीमिंग पुल और घर छतों पर भी अर्घ्य दिया। इसके अलावा गाजियाबाद में छठ महापर्व पर आकाश से पूर्वांचलियों पर पुष्पों की वर्षा हुई। दिल्ली के कई घाटों और कृत्रिम जलाश्य में समेत नोएडा की सोसायटी में छठ पर्व मनाया जा रहा है। शीतला माता मंदिर परिसर में पुराना ब्रह्म सरोवर तालाब मंदिर निर्माण के कारण बंद है। मंदिर की पार्किंग में पाटलीपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति ने प्रशासन और छठ पूजा के समाज सेवियों की अगुआई में छठ घाट बनाया गया है। यहां हजारों की संख्या में व्रती और उनके परिवार के लोग जुटे हुए हैं। गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर पार्किंग स्थल पर बनाए गए छठ घाट पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने व्रती पहुंचीं।

मक्का में हिंदु दुकान नहीं लगा सकते तो कुंभ में मुस्लिम क्यों: धीरेंद्र शास्त्री

भीलवाड़ा, 7 नवंबर (एजेंसी)। बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री प्रयागराज महाकुंभ में मुस्लिम समुदाय को दुकानें न देने के सवाल पर शास्त्री ने कहा, मक्का-मदीना में हमारे हिंदुओं को दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलती। तो फिर हमारे महाकुं